तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, बुधवार 26 मार्च 2025

12 जिपं में भी जल संकट को लेकर चिंता, अध्यक्ष कल्पना ...



10 बकायादारों के नामांतरण पर रोक नाम, पैन और ...






# 3 साल में औसतन 5 मीटर गिरा भू-जलस्तर, अब 15 की जगह 20 मीटर पर पहुंचा



हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

जल ही जीवन है, जल है तो कल है जैसे नारे जिले में कमजोर पड़ते नजर आ रहे हैं। हर गुजरते साल के साथ जिले में बढ़ता जलसंकट देखने के बाद भी इसमें सुधार के नहीं होना, चिंताजनक है।

■ जलस्तर सुधारने की दिशा में नहीं हो रहा कोई काम

तीन साल में जिले में औसतन जलस्तर 15 मीटर से लुढ़ककर 20 मीटर पर पहुंच गया है। स्थिति यहां तक पहुंच गई है कि जिले के कई इलाकों में जलस्तर घटकर 38 मीटर पर पहुंच चुका है। हालत इसलिए भी और गंभीर है, क्योंकि शहरी इलाकों के साथ ही बड़ी संख्या में ग्रामीण आबादी भी जलसंकट से जूझ रही है। सरकारी आंकड़ों पर नजर डालें, तो अभी गर्मी का रौद्र रूप शुरू भी नहीं हुई है और अभी से ही जिले में सवा तीन सौ से अधिक हैंडपंप सूख गए हैं। एक अनुमानित आंकड़े के अनुसार मई-जून तक यह संख्या तीन से चार हजार पहुंच जाएगी। यह आंकड़ा कुल हैं हैंडपंप का 35 से 40 फीसदी है। ऐसे में समझा जा सकता है कि पानी के जद्दोजहद ▸▸| शेष पेज 11 पर

## शहर से लेकर गांव तक जलसंकट के हालात



## खेती का पैटर्न बदलना जरूरी

गर्मी के दिनों में पानी की समस्या बढ़ने के पीछे धान की खेती में हुआ इजाफा भी है। हालांकि पिछले साल से इस बार कम किसानों ने कम रकबे में धान की फसल ली है। लेकिन, पिछले एक दशक के मुकाबले रबी की फसल लेने वालों की संख्या में इजाफा हुआ है। यही कारण है कि अब किसानों को भी जलसंकट की इस समस्या से निराकरण के लिए धान की जगह रबी सीजन में अन्य फसल लेने पर विचार करना चाहिए।

## खबर संक्षेप

### धारदार हथियार के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

**भिलाई।** धारदार हथियार लेकर लोगों को डराने धमकाने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने आर्म्स एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया है। सीएसपी सत्य प्रकाश तिवारी ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर सड़क 7 पार्क के सामने सेक्टर 4 भिलाई में आने जाने वालो को धारदार हथियार लेकर क्वाटर नंबर 12 डी सड़क 5 सेक्टर 4 निवासी लक्खा सिंह उर्प लक्खा को पकड़ा गया है। आरोपी पिस्टल नुमा गन रखकर लोगों को धमका रहा था। आरोपी अपने कार के डिक्की में लोहे की धारदार हथियार तलवार को लहरा रहा था। सेक्टर 4 में घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ा गया। कार सीजी 04 एमए 8001 के भी जब्त किया है।

### बीएसपी में लगी आग कोई हताहत नहीं

**भिलाई ।** बीएसपी में दुर्घटनाओं का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। सोमवार को डंप यार्ड में आगजनी की घटना हुई। इससे हड़कंप मच गया। आगजनी से कोई जनहानि नहीं हुई है लेकिन बड़ा नुकसान हुआ है। बीएसपी के कोकओवंस जीपी डंप यार्ड में दोपहर भीषण आग लग गई। इससे कर्मियों में अफराफरी मच गई। मौके पर पहुंच दमकल टीम ने आग पर काबू पाया। यदि सजगता नहीं बरती होती तो बड़ा हादसा हो सकता था। फायर ब्रिगेड गाड़ियों ने मशक्कत से आग बुझाई। घटना की जांच की जा रही है। इसके पूर्व प्लेट मिले में ठेका मजदूर पर रिंग गिरने से गंभीर रुप से घायल हो गया था।

### चोरी की तीन बाइक आरोपी से बरामद

भिलाई। बाइक चोरी करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। सीएसपी सत्य प्रकाश तिवारी ने बताया कि बाइक सीजी 07 बीएफ 5782, सीजी 07 एलजेड 0547 , सीजी 07 बीएक्स 8760,सीजी 07 बीटी 2378 वाहन चोरी की शिकायत पुलिस में हुई थी। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने एसीसीयू की टीम ने भाठापारा रुआबांधा निवासी पुरुषोत्तम यादव उर्फ पुरण यादव को पकड़ा गया।

## पहल

### नगर पालिका अध्यक्ष सिन्हा की अध्यक्षता में हुई बैठक

# वार्डों में जल संकट, समाधान के लिए जुटे जनप्रतिनिधि और अधिकारी-कर्मचारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

शहर में उत्पन्न जल संकट की वर्तमान स्थिति से निपटने को लेकर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा ने अधिकारियों-कर्मचारियों की आवश्यक बैठक बुलाई। बैठक में उन्होंने जल की गंभीर समस्या पर चिंता व्यक्त करते हुए समाधान के लिए नपा की तैयारियों की जानकारी ली। वहीं, सीएमओ व नल ऑपरेटर नल जल विभाग के कर्मचारियों के साथ विचार विमर्श कर नगर में पानी की आपूर्ति व्यवस्था पर विस्तृत चर्चा की।

■ समस्या के कारण और निराकरण के उपायों को लेकर की गई चर्चा

इस दौरान बैठक में मौजूद कर्मचारियों ने पेयजल आपूर्ति सहित अन्य कार्यों पर अपने अपने विचार साझा किए। नपा अध्यक्ष सिन्हा ने पेयजल सप्लाई पर सुझाव दिया। बैठक में जल आपूर्ति को सुचारु रूप से संचालित करने के लिए ठोस कदम उठाने की आवश्यकता पर जोर दिया गया, ताकि शहर की जनता को पेयजल सप्लाई हो ▸▸| शेष पेज 11 पर




शहर की जनता से की पानी का दुरूपयोग रोकने की अपील

नगर पालिका अध्यक्ष सिन्हा ने नगर की जनता से भी पानी बचाने और दुरूपयोग रोकने की अपील की। उन्होंने कहा कि पानी एक प्राकृतिक संसाधन है, जिसे कृत्रिम रूप से नहीं बनाया जा सकता, लेकिन यह मनुष्यों के साथ-साथ हर जीव-जंतु और पेड़-पौधों के लिए आवश्यक है। इसलिए पानी बचाना हम सबकी जिम्मेदारी है। इसके तहत यह जांच करें कि घरों में पानी का रिसाव न हो, जितनी आवश्यकता हो उतने ही जल का उपयोग करें। पानी के नलों को इस्तेमाल करने के बाद बंद रखें। जल है तो कल है, नहाने के लिए अधिक जल को व्यर्थ न गंवाएं। जल के लिए भी हम सबको जागरूक होना पड़ेगा।

### समयबद्ध और जिम्मेदारीपूर्वक कार्य करें कर्मचारी

बैठक में नपा अध्यक्ष सिन्हा ने कहा कि नगर क्षेत्र में बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराना, सफाई, जल आपूर्ति, प्रकाश व्यवस्था आदि की देखभाल करना, और नागरिकों को बेहतर सेवा प्रदान करना नगर पालिका के अधिकारी-कर्मचारी व निर्वाचित सदस्यों का दायित्व है। इसलिए आप अपनी ड्यूटी टाइम का विशेष ध्यान रखें। आप जब समस्या के समाधान के समय पर उपस्थित रहेंगे तो, समस्या का तत्काल निराकरण किया जा सकेगा। आप अपनी जिम्मेदारी समझें। आप नगर पालिका के कर्मचारी हैं, जिनका काम ही नगर की जनता को समय पर सेवा और सुविधा देना है।

# ग्राम सण्डी में हुई राष्ट्रव्यापी उल्लास महापरीक्षा, 30 शिक्षार्थी हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेरला



विकासखण्ड बेरला के शासकीय प्राथमिक शाला सण्डी में राष्ट्रव्यापी उल्लास महापरीक्षा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर केंद्राध्यक्ष नंदकिशोर पांडेय सहित प्रधान पाठक वीरेंद्र सिन्हा, शिक्षक ओमनारायण साहू ने सभी शिक्षार्थियों को गुलदस्ता, पेन, पेंसिल देकर स्वागत एवं अभिनंदन किया । उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान को लेकर उल्लास केंद्र सण्डी में 10 बजे से लेकर 5 बजे तक शिक्षार्थियों की परीक्षा ली गयी। शिक्षक ओमनारायण साहू ने स्वमसेवी शिक्षकों के साथ मिलकर घर घर जाकर शिक्षार्थियों को आमंत्रण पत्र के माध्यम से परीक्षा में बैठने के लिये प्रेरित किया था।

शिक्षार्थियों में परीक्षा को लेकर काफी उत्साह देखा गया। जिसमें 7 पुरुष व 23 महिलाओं ने साक्षर होने के लिए परीक्षा दी। पुरुषों की अपेक्षा महिलाओं ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिए। संकुल प्राचार्य मनोज कुमार ठाकुर, सीएसी राजा सिंह वर्मा, राकेन्द्र साहू ने उल्लास केंद्र का निरीक्षण किया।

प्रधान पाठक ने बताया कि सभी शिक्षार्थियों के लिए स्वल्पाहार की व्यवस्था की गई।प र्यवेक्षक के रूप में फिरोज कुमार जोशी, स्वमसेवी शिक्षक आशीष साहू, टिकेश्वर साहू, आदित्य सिवारे, ईश्वरी साहू, ओमकुमारी साहू, चंदिका साहू आदि उपस्थित थे।

### जिपं सीईओ ने जारी किया 24 घंटे के भीतर अपने कर्तव्यों पर लौटने का आदेश

# बेरला में 8वें दिन भी जारी रही पंचायत सचिवों की हड़ताल




हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेरला

जनपद पंचायत बेरला के समस्त पंचायत सचिव अपनी एक सूत्रीय माँग शासकीय करण को लेकर मंगलवार को आठवें दिन भी गौठान चौक बेरला में हड़ताल पर बैठे रहे।

इस दौरान पंचायत संचानालय के निर्देशानुसार सीईओ जिला पंचायत बेमेतरा द्वारा हड़ताली सचिवों को 24 घंटे के भीतर अपने कर्तव्यों पर लौटने का सूचना पत्र निकाला गया है। जिसका जिला सचिव संघ बेमेतरा एवं चारों ब्लाक द्वारा पुरजोर विरोध किया गया। सभी सचिवों ने सूचना पत्र को लेने से इंकार कर दिया। सचिव संघ का कहना है कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने सचिव दिवस 07 जुलाई 2024 को इनडोर स्टेडियम रायपुर में वादा किया था, कि सचिवों का शासकीयकरण हमारे घोषणा पत्र मोदी की गारंटी में है, तो इसे पूरा करना हमारा कर्तव्य है, जिसके लिए समिति बनाई गई है। उसके बाद भी आज आठ माह बीत जाने के बाद भी सचिवों के शासकीयकरण के संबंध में कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है। इससे आक्रोशित और विवश होकर छत्तीसगढ़ के समस्त सचिव 17 मार्च 2025 से हड़ताल कर रहे हैं। सचिवों का कहना है कि हमें डराने के लिए शासन-प्रशासन द्वारा इस तरह का आदेश दिया जा रहा है। लेकिन इस तरह के आदेश से हम वाले नहीं हैं।

■ हड़ताली सचिवों ने सूचना पत्र लेने से किया मना

सचिवों ने आंदोलन को और उग्र रूप से करने की चेतावनी दी। मंगलवार को हड़ताल में सचिव संघ बेरला अध्यक्ष केहर सिंह साहू, श्याम सियारे, लवकुश मानिकपुरी, कमलेश देशलहरा, मूलचंद साहू, पवन विश्वकर्मा, रोहित बंजारे, जनक साहू, निशा शर्मा, कीर्ति लतासाहू सहित बेरला ब्लॉक के सभी सचिव उपस्थित रहे।

HCC Hearing Care Center IS NOW हिअरज़ॅप™

नि:शुल्क बहरापन जांच एवं परामर्श शिविर

हम आपको सुनने में मदद करने के लिए यहां हैं

दिनांक: 26 से 29 मार्च
समय: बुधवार से शनिवार ( प्रातः 10:30 बजे से शाम 7:00 बजे तक)




▸ श्रवण यंत्र पर भारी छूट
▸ कॉक्लियर इम्प्लांट (परामर्श)
▸ स्पीच थेरेपी

Google Rating ★★★★☆ | PHILIPS Authorized dealer | 9659 455 455
Google Play | App Store

**बैरन बाजार (रायपुर)**
विमला सदन, छत्तीसगढ़ कॉलेज के पास, फव्वारा चौक, रायपुर, छत्तीसगढ़ (492001)

**कचहरी चौक (रायपुर)**
शॉप नंबर- 14, कृष्णा काम्प्लेक्स, जिला एवं सत्र न्यायालय के सामने, कचहरी चौक, रायपुर, छत्तीसगढ़ (492007)

**शंकर नगर (रायपुर)**
प्रथम तल, एस. आर. प्लाजा सेक्टर-3, आरोग्य हॉस्पिटल के पास, शंकर नगर, रायपुर, छत्तीसगढ़ (492004)

**बिलासपुर**
शॉप नंबर- F5-F6, अम्बे बिजनेस सेंटर, LIC बिल्डिंग के सामने, मगरपारा रोड, मसानगंज, बिलासपुर, छत्तीसगढ़ (495001)

**अंबिकापुर**
मनोज डायग्नोस्टिक सेंटर के ऊपर, मेन पोस्ट ऑफिस के पास, बाबूपारा, अंबिकापुर, छत्तीसगढ़ (497001)

**कोरबा**
मकान संख्या 52 ए, सिद्धिविनायक हॉस्पिटल के पास, ब्लू बर्ड स्कूल के पीछे निहारिका रोड, कोसाबाड़ी, कोरबा (495677)

**भिलाई**
शॉप नंबर- 107-108, इथीराज टावर्स, जी.ई. रोड, सुपेला, भिलाई, छत्तीसगढ़ (490023)

**धमतरी**
डॉ. सरोज कुमार साहा क्लिनिक के ऊपर, धमतरी क्रिश्चियन (बठेना) हॉस्पिटल के पास, वेयरहाउस गोडाउन के सामने, रायपुर रोड, धमतरी (493773)

**जगदलपुर**
बिनाका मॉल के सामने, चित्रकोट रोड, धरमपुरा, जगदलपुर, छत्तीसगढ़ (494001)

Khanna

छत्तीसगढ़ | महाराष्ट्र | कर्नाटक | केरळ | तामिळनाडू | आंध्र प्रदेश | तेलंगाणा | पश्चिम बंगाल | बिहार | झारखंड

### एसएसपी साहू ने सड़क सुरक्षा को लेकर दी सख्त हिदायत

# मालवाहकों में सवारी बैठाने पर निरस्त होगा चालक का लायसेंस



हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

जिले के पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू ने सड़क दुर्घटना में कमी लाने तथा सुरक्षा को मद्देनजर रखते हुए प्रभारी अधिकारियों की बैठक ली।

बैठक में सड़क सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं पर ध्यान केंद्रित किया गया, जिनमें दुर्घटनाओं को कम करने, ट्रैफिक नियमों के पालन को बढ़ावा देने और सड़क सुरक्षा से जुड़े अन्य उपाय शामिल थे। उन्होंने कहा कि मालवाहक वाहनों में सवारी बैठाकर ले जाने से बड़ी दुर्घटना होने की हमेशा आशंका बनी रहती है।

इसलिए मालवाहक वाहनों में सवारी बैठाकर ले जाने पर वाहन चालकों पर सख्त कार्यवाही करने एवं चालकों का लाइसेंस निरस्तीकरण के लिए नियमानुसार कार्रवाई करें। साथ ही कहा कि सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के लिए लोगों को ट्रैफिक नियमों का सख्ती से पालन करने के प्रति जागरूक करना जरूरी है। इसके लिए चौराहों व हाट-बाजारों में चौपाल लगाकर जागरूकता अभियान चलाए जाएंगे, जिसमें सड़क सुरक्षा, पिकअप, मालवाहक वाहन में सवारी न बैठाएं, हेलमेट और सीट बेल्ट का उपयोग, गति सीमा का पालन, और नशे में गाड़ी न चलाने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर ध्यान दिया जाएगा।

### यातायात सुरक्षा के महत्व पर दिया जोर

उन्होंने यातायात सुरक्षा के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि पुलिस विभाग सड़क सुरक्षा को लेकर पूरी तरह प्रतिबद्ध है। ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी, ताकि सड़क पर अनुशासन बना रहे और दुर्घटनाओं में कमी आ सके। साथ ही अंजोर रथ के माध्यम से यातायात जागरूकता के लिए जन चौपाल लगाकर आम नागरिकों को यातायात नियमों के संबंध में जागरूक करने आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गए। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ज्योति सिंह, रक्षित निरीक्षक प्रवीण खलखो, यातायात प्रभारी उप निरीक्षक प्रवासी यादव, एसएसपी रीडर सउनि विष्णु सप्रे, डीएसबी प्रभारी प्रधान आरक्षक ऐश्वर्य सिंह क्षत्री शामिल रहे।

## खबर संक्षेप



### समाज का होली मिलन व कार्यकारणी बैठक सपन्न

**दुर्ग।** जिला ठेठवार यादव समाज दुर्ग नगर का होली मिलन व कार्यकरिणी की बैठक यादव समुदायिक भवन राजीव नगर मे सम्पन्न हुआ। बैठक में पदाधिकारियों द्वारा यदुकुल शिरोमणि भगवान श्री कृष्ण की पूजा कर एक दूसरे को गुलाल लगा कर होली मनाया। साथ ही संगठन विस्तार पर चर्चा व आगामी दुर्ग जिला ठेठवार समाज का बैठक यादव ठेठवार समाज जहां जनसंख्या ज्यादा है दुर्ग नगर के सिकोला, बोरसी, कसारीडीह, मठपारा, बैगापारा जैसे स्थानों मे बैठक किया जाएगा व इकाई गठन किया जाएगा वहां सदस्य बनाया जाएगा। आगामी दिनों मे रक्त दान, स्वास्थ शिविर जैसे कार्यक्रम कराया जाएंगे। बैठक में दुर्ग जिला अध्यक्ष मुकेश यादव, युवा अध्यक्ष गोविंदा लखन यादव, कलीराम यादव, भुनेश्वर यादव, जनक यादव, गैंदलाल यादव, मुकेश यादव, बृजराज यादव, अशोक यादव, महिला अध्यक्ष श्रीमति अहिल्या यादव, शिव प्रसाद यादव, होमलाल यादव, रमेश यादव, सतीश कुमार यादव, राधेलाल यादव, संजय यादव आदि मौजूद थे।

### कोटनी में केपीएल सीजन 5 का समापन



**दुर्ग।** ग्राम कोटनी में रविवार को वार्ड स्तरीय टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता रंगा रंग केपीएल सीजन 5 का समापन हुआ। विरेन्द्र कुमार निषाद ने बताया कि हर वर्ष यहां प्रतियोगिता होली मिलन समारोह के रूप में आयोजित की जाती है। इस वर्ष 16 मार्च से प्रत्येक रविवार को दो दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें ग्राम कोटनी पंचायत के प्रत्येक 19 वार्डों के बीच में खेला गया। वहीं फाइनल मैच 23 मार्च को वार्ड 11 वर्सेस वार्ड 12 के बीच खेला गया। जिसमें सीआरपीएफ वार्ड 12 की टीम विजेता रही। प्रथम पुरस्कार पप्पू भीष्म हेमलाल गान्नी द्वारा 3555 रु दिया गया। वहीं द्वितीय पुरस्कार के रूप में 2222 रु ग्राम पंचायत सरपंच राम सिंह निषाद शील्ड नरसिंह साहू द्वारा दिया गया। इस अवसर पर केपीएस सीजन 5 के अध्यक्ष हेमंत विश्वकर्मा उपाध्यक्ष हेमलाल कुम्हार, सरपंच रामसिंह निषाद सहित समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### चौक चौराहों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने की मांग

**दुर्ग।** पूर्व एल्डरमैन भाजपा नेता डॉ प्रतीक उमरे ने कलेक्टर अभिजीत सिंह से दुर्ग शहर के प्रमुख चौक-चौराहों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने की मांग की है। उन्होंने कहा है कि शहर में अपराधी आपराधिक गतिविधियों को अंजाम देकर बड़े आराम से बच निकलकर भाग जाते हैं। इसके पीछे वजह शहर के प्रमुख चौक-चौराहों पर सीसीटीवी कैमरों का न होना है। सीसीटीवी कैमरा कई उद्देश्यों को पूरा करता है। किसी आपराधिक घटना के बाद आरोपियों की पहचान करने में इससे मदद मिलती है।

**सख्ती: पिछले कई सालों से बकायादारों ने गटक रखे 73 लाख से अधिक राशि**

# बकायादारों के नामांतरण पर रोक नाम, पैन और आधार नंबर लॉक

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

जिला पंजीयक कार्यालय में रजिस्ट्री के बाद अंतर की राशि (आरआरसी) को नही पटाने वाले बकायदारों पर राज्य शासन द्वारा शिकंजा कस दिया गया हैं। रजिस्ट्री के बाद बकाया राशि नही पटाने वाले बकायदार के खसरा के अंतरण पर सिस्टम एनजीडीआरएस सिस्टम में रोक लगा दी गई है। जिसके बाद से बकायदारों में हडकंप की स्थिति निर्मित हैं।

जिला पंजीयक व उप पंजीयक कार्यालय में रजिस्ट्री के बाद कई पक्षकार का बाद में आडिट होने के बाद बकाया राशि जिसे आरसीसी कहते हैं, इसकी वसूली की जाती हैं। लेकिन तीन बार से अधिक नोटिस देने के बाद ऐसे बकायदार बाज नही आ रहे हैं। जिला पंजीयक प्रियंका श्रीरंगे ने बताया कि, जिले में 31 प्रकरण हैं, जिनसे 73 लाख 42 हजार 097 रूपए की वसूली की जानी हैं। यही कारण है कि, राज्य शासन द्वारा एनजीडीआरएस प्रणाली में उनके जमीन के अंरतरण यानि नामांतरण पर रोक लगा दी गई हैं। वर्ष 2024-25 के वित्तिय वर्ष में भी बकाया राशि वसूल नही होने के चलते राज्य शासन द्वारा विगत सत्रह मार्च को आदेश जारी किया गया हैं।

**खास बातें**

- रजिस्ट्री के बाद वसूली की राशि विभाग के लिए चुनौती
- तीन बार नोटिस के बाद कुर्की की कार्यवाही का भी प्रावधान
- बकायादार के खसरे के साथ पिता, आधार और पैन कार्ड में लॉक

**जिला पंजीयक विभाग ने आरआरसी प्रकरणों में बरती कड़ाई**




### कुर्की का भी प्रावधान

जिला पंजीयक प्रियंका श्रीरंगे ने बताया कि, आरआरसी राशि की वसूली के तहत तीन बार नोटिस जारी किया जाता हैं। इसके बाद भी राशि का भुगतान नही किए जाने पर कुर्की की कार्यवाही का प्रावधान है। कुर्की के लिए राज्य शासन द्वारा जिला पंजीयक को अधिकार भी दिए गए है। उन्होने बताया कि, पिछले कई सालों से ऐसे बकायादारों ने राशि का भुगतान नही किया है। जानकारी अनुसार पिछले साल लंबे समय तक जिला पंजीयक कार्यालय में बकायादारों के नाम ब्लेक बोर्ड में सार्वजनिक भी किए गए थे।

### खसरे में दर्ज होगा बकायादार के नाम

किसी भी प्राप्टर्ी की रजिस्ट्री कराने के दौरान खरीदार जमीन, प्लॉट और मकान की कम स्टांप ड्यूटी जमा कर देते हैं। सब रजिस्ट्रार को ई-रजिस्ट्री दर्ज करनी पड़ती है। इसके बाद जमीन का एरिया और वहां की कलेक्टर गाइडलाइन के हिसाब से राशि जोड़ी जाती है। इस आधार पर खरीदार को बकाया राशि जोड़कर नोटिस भेजा जाता है। इस मामले में वरिष्ठ जिला पंजीयन के यहां सुनवाई होती है। सुनवाई के आधार पर तय राशि वसूली का काम शुरु किया जाता है। पंजीयन विभाग के वसूली नहीं करने पर केस संबंधित तहसीलदार को भेजकर वसूली और प्रापर्टी की कुर्की कराई जाती है।

### पिता के नाम, आधार, पैन भी लॉक

पूर्व बकायादारों के खसरे में शामिल सभी सह संपतिधारक के सभी नामों पर रोक लगाने से विवाद की स्थिति निर्मित होते रही हैं। जिसके चलते शासन ने सिस्टम में सिर्फ जमीन मालिक व उनके पिता के नाम, आधार व पैन नंबर भी सिस्टम में लाक किए जाएंगे। जिससे वे आधार व पैन का कार्य नही करा पाएंगे। ऐसा एनजीडीआरएस प्रणाली में किया गया है, ताकि उक्त किसी भी जानकारी की प्रविष्टि करने जाने पर बकायादारों की समस्त जानकारी प्राप्त हो सके। उस प्रतिबंध रकबे पर अगर पक्षकार लेनदेन करता हैं तो उसकी जानकारी सिस्टम में मिल जाएगी।

### ऐसे होती है धोखाधड़ी लोगों के साथ

शहरी क्षेत्र से लगी ज्यादातर जमीनें बिल्डर खरीदते हैं। यह बिल्डर कम स्टांप ड्यूटी जमाकर जमीन की रजिस्ट्री कराने के बाद नामांतरण भी करा लेते हैं। प्रोजेक्ट का काम शुरु कर लोगों को रजिस्ट्री और नामांतरण के आधार पर प्लॉट और मकान बेच दिए जाते हैं। ऐसे में इस जमीन पर पंजीयन विभाग का बकाया बना रहता है। बाद में आरआरसी केस बनने के बाद लोगों को पता चलता है कि इस जमीन पर स्टांप ड्यूटी शुल्क बकाया है। ऐसा करने से नामांतरण होने के पहले ही खसरे में बकाया दर्ज कर दिया जाएगा, जिससे नामांतरण नहीं होगा और न ही बाद में रजिस्ट्री हो पाएगी।

# रिटायरमेंट कर्मी को निगम दे रही प्लेसमेंट में नौकरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग




नगरनिगम द्वारा नियम कायदों की धज्जियां उडाई जा रही हैं। निगम में नौकरी के बाद रिटायरमेंट कर्मियों को फिर से प्लेसमेंट के आड में नौकरी बांटा जा रहा है। ऐसे लोग रिटायरमेंट के बाद पेंशन भी ले रहे हैं, वही स्वास्थ्य विभाग के अफसरों से सांठगांठ कर प्लेसमेंट के जरिए हर माह वेतन ले रहे है। जबकि पात्र हितग्राही निगम के चक्कर कांटकर थक गए हैं। प्लेसमेंट में भर्ती के लिए निगम के अधिकारियों द्वारा अवैध उगाही किए जाने की शिकायत सामने आ रही है। हितग्राहियों से राशि लेकर उन्हें प्लेसमेंट में रखा जा रहा हैं। शिकायतकर्ता मिथलेस कुमार बारले ने इसकी कलेक्टर से लिखित शिकायत भी की थी। जिस पर कलेक्टर ने जांच के आदेश भी दिए थे। आवेदक की माने तो उनकी माता मंजू बारले पति राम कुमार बारले रूआबांधा बस्ती में रहते है। उनकी माता सफाई कर्मी थी। लेकिन 12 अक्टूबर 2024 को उनकी मृत्यु हो गई। ऐसे में घर की आर्थिक तंगी के चलते उनके बेटे मिथलेश कुमार बारले ने प्लेसमेंट पर रखने की मांग की है। लेकिन उन्हें वंचित कर दूसरे को रखा गया हैं। शिकायकर्ता अनुसार रामकुमार यादव जो भृत्य पद पर थे, उनके रिटायरमेंट के बाद भी उन्हें प्लेसमेंट में रखा गया है। इसी तरह गौरीशंकर और राजू सिंह रिटारमेंट हैं और उन्हें पेंशन मिल रहा है। इसके बाद भी प्लेसमेंट में रखा गया है और उन्हें हर माह वेतन जारी किया जा रहा हैं।

- स्वास्थ्य विभाग का कारनामा

### नहीं थम रही मनमानी

निगम प्रशासन द्वारा कम राजस्व होने के बाद भी प्लेसमेंट में मनमानी भर्ती कर रही है। सफाई कर्मी के नाम पर भर्ती कर ऐसे लोगों को आफिस में बाबू का काम दिया जा रहा है। जिसकी पूर्व में भी शिकायत हो चुकी है और सामान्य सभा में भी मामला उठा चुका है। पूर्व पार्षद मदन जैन ने भी इसकी शिकायत की थी। इसके बाद भी मनमानी थम नही रही हैं।

### नेता प्रतिपक्ष ने आयुक्त से की शिकायत

**दुर्ग।** शहर में नगरनिगम के महापौर अल्का बाघमार सहित एमआईसी मेंबरों की विज्ञापन बोर्ड को लेकर नेता प्रतिपक्ष संजय कोहिले ने आयुक्त से शिकायत की हैं। नेता प्रतिपक्ष का कहना है कि, महापौर के साथ सभी एमआईसी मेंबरो की फोटो बोर्ड में लगी है। लेकिन वही नीचे में नगरनिगम दुर्ग लिखा गया हैं। ऐसे में उन्होने आयुक्त सुमीत अग्रवाल से मिलकर शिकायत की और पूछा हैं के किस अधिकार और अधिनियम के तहत नगरनिगम अपने खजाने से एमआईसी मेंटरों का प्रचार कर रही हैं। जिस पर आयुक्त ने कहा इसे हमने नही छपाया हैं।

# जनदर्शन में स्टेशन रोड स्थित शराब दुकान को स्थानांतरित करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग



सोमवार को कलेक्टर जनदर्शन में अवैध कब्जा, आवासीय पट्टा, प्रधानमंत्री आवास, भूमि सीमांकन कराने, आर्थिक सहायता राशि दिलाने सहित विभिन्न मांगों एवं समस्याओं से संबंधित आज 103 आवेदन प्राप्त हुए। आज जनदर्शन में शासकीय जमीन में अवैध कब्जा के अधिक आवेदन प्राप्त हुए। इस दौरान शांति कुंज रिसाली निवासी ने भू-स्वामित्व की जमीन से ट्रांसफार्मर को अन्य स्थान में स्थानांतरित करने आवेदन दिया। ग्राम पंचायत धनोरा में स्थित जमीन पर सीएसईबी द्वारा स्थापित ट्रांसफार्मर एक तरफ से झुक गया है, जो कभी भी गिर सकता है, जिससे जनधन की हानि होने की संभावना है। एडीएम ने सीएसपीडीएल को निरीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही करने को कहा। दुर्गा उत्सव समिति द्वारा स्टेशन रोड स्थित शराब दुकान को स्थानांतरित करने की मांग की। कई वर्षो से समिति द्वारा दुर्गोत्सव का आयोजन कर रही है। दुर्गोत्सव समिति मंच के सामने अंग्रेजी शराब दुकान खुले रहने से धार्मिक आस्थाओं को ठेस पंहुच रहा है। साथ ही दुर्ग रेलवे स्टेशन से आवागमन एवं यातायात हेतु आने जाने में आम जनता, व्यापारियों सहित महिला, पुरूषों तथा बच्चों को विभिन्न कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है। इस पर एडीएम ने आबकारी विभाग को आवश्यक कार्यवाही करने को कहा।

- जनदर्शन में आज 103 आवेदन प्राप्त हुए

# अवैध निर्माण पर चला बुलडोजर

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग



वार्ड 21 में अवैध अतिक्रमण हटाने की कार्रवाही तीसरे दिन भी जारी रहा। सिंधिया नगर, मुकुट नगर, हनुमान नगर सहित आसपास के करीब दर्जनों लोगों ने सड़क क्षेत्रों में घेरकर अपने घर के सामने चबूतरा, गार्डन, सीढ़ी व अन्य निर्माण कर लिया था। नगर निगम प्रशासन ने बुलडोजर चलाकर हटवाया। सैकड़ो क्षेत्र के रहवासियों ने इससे महापौर श्रीमती अलका बाघमार को अवगत कराया था। नालियों के ऊपर बनाए गए स्थायी निर्माण से सफाई में भी दिक्कत हो रही है। मामला संज्ञान में आने के बाद आयुक्त सुमित अग्रवाल के निर्देश पर निगम प्रशासन अतिक्रमण प्रभारी परमेश्वर के नेतृत्व में टीम के साथ पहुंचकर अवैध निर्माण बुलडोजर चलाकर तोड़ दिया गया। बता दे कि निगम प्रशासन की सख्ती को देखते हुए कई कब्जाधारी अपनाअतिक्रमण स्वयं हटाने लगे।महापौर श्रीमती अलका बाघमार ने कहा कि आवागमन को ध्यान में रखते हुए शहर की सड़कों को अतिक्रमण मुक्त करने अभियान लगातार जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि अतिक्रमण की कार्रवाही शहर के सभी वार्डों एवं बाजार क्षेत्रों में भी चलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि सड़कों की चौड़ा होने के बावजूद उनमें दो कारें एक साथ नहीं निकल सकती। यदि कारें एक साथ निकलना चाहें तो अन्य वाहनों को रूकना पड़ता है। महापौर ने लोगों से अपील किया है कि समस्त कॉलोनी में जिन्होंने भी अतिक्रमण करके चौड़ी रोड को संकरी कर दिए है, वहीं नालियां ढकने से उनकी सफाई तक नहीं हो पा रही।

# शहीदी दिवस पर 55 लोगों ने रक्तदान कर दी श्रद्धांजलि

**दुर्ग।** शहीदे आज़म भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव के शहीदी दिवस के अवसर पर नवदृष्टि फाउंडेशन द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर में दुर्ग जिला चिकित्सालय के ब्लड बैंक में 55 लोगों ने रक्तदान कर शहीदों को श्रद्धांजलि दी।दुर्ग गुरुद्वारा के मुख्य ग्रंथि ज्ञानी ओम वीर सिंघ, मनप्रीत सिंह भाटिया, मुकेश आढ़तिया, प्रवीण तिवारी, अनिल सुराना, कवंलजीत सिंह, विनोद जैन, नैना आढ़तिया सहित 55 लोगों ने रक्तदान किया। ज्ञानी ओम वीर सिंघ ने कहा हमारा इतिहास शहीदों का रहा है और वर्तमान दौर में युवाओं को देश एवं धर्म के लिए कुर्बान हुए शहीदों की जानकारी होना जरूरी है। ब्लड बैंक के संचालक डॉ प्रवीण अग्रवाल, डॉ पियूष श्रीवास्तव, टीएस एंथोनी, तरुणा रावत, तीरथ यादव के मार्गदर्शन पर रक्तदान शिविर सम्पन्न हुआ। सभी रक्तदानियों को नवदृष्टि फाउंडेशन के द्वारा प्रशस्तिपत्र दे कर सम्मानित किया गया एवं सभी रक्तदानियों का आभार व्यक्त किया।




### मैथिल ब्राह्मण महिला समाज ने मनाया होली मिलन

**भिलाई।** मैथिल ब्राह्मण महिला समाज भिलाई द्वारा होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन हुडको में हर्षोल्लास और पारिवारिक माहौल में किया गया। कार्यक्रम में सभी ने एक दूसरे को गुलाल अबीर लगाकर होली की शुभकामनाओं के साथ सामाजिक समरसता और प्रेम का संदेश दिया। हास्य व्यंग्य की फुलझड़ियों के साथ प्रेरक और यादगार अनुभव भी साझा किए। समाज की पद्ममा झा के हुडको स्थित निवास पर खुशनुमा वातावरण में आयोजित होली मिलन कार्यक्रम में जुटे सभी लोगों ने रंगोत्सव की खुशियां शेयर कीं। एक दूसरे को गुलाल लगाकर त्योहार की बधाई दी। तीज त्योहार के सामाजिक समागम की इस परंपरा को निरंतर समृद्ध करने का आह्वान किया गया। नई पीढ़ी में संस्कार की खुशबू को सुवासित करने पर जोर दिया। महिलाओं ने होली के धार्मिक प्रसंगों के साथ जीवन और समाज जुड़े प्रेरक व हास्य व्यंग्य के रोचक किस्से भी सुनाए। मैत्रीभोज के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। कार्यक्रम का संचालन समाज की विद्या ठाकुर और आभार प्रदर्शन पद्मा झा ने किया।

# खुद को राष्ट्रीय प्रवक्ता बताने वाले भाजपा निष्कासित जय प्रकाश के विरूद्ध एसपी से की गई शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई



भिलाई भाजपा के जिलाध्यक्ष पुरूषोत्तम देवांगन ने भिलाई के जय प्रकाश यादव के भाजपा में न होने की पुष्टि की है। इतना ही नहीं उन्होंने सोमवार को पुलिस अधीक्षक दुर्ग जितेन्द्र शुक्ला को शिकायती पत्र सौंप कर खुद को भाजपा नेता प्रचारित कर जनता को गुमराह करने और पार्टी के लोगो का लेटरहेड सहित सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर दुरूपयोग करने वाले ऐसे लोगों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

भिलाई भाजपा कार्यालय में पत्रकारों से चर्चा करते हुए जिलाध्यक्ष पुरूषोत्तम देवांगन ने स्पष्ट किया कि जय प्रकाश यादव निवासी कोसा नगर भिलाई जिला दुर्ग के विधानसभा चुनाव के समय भाजपा प्रत्याशी के विरूद्ध चुनाव लड़ने व भाजपा के विरूद्ध काम करने के कारण 6 वर्ष के लिए निष्कासित किया गया था। इस स्थिति में भारतीय जनता पार्टी के पद व लोगो का प्रयोग करना अवैधानिक है। जय प्रकाश यादव अपने आपको भारतीय जनता पार्टी का राष्ट्रीय प्रवक्ता बता कर आम लोगों को भ्रमित कर अवैध वसूली करता है, बिना पद पर रहते हुए इस प्रकार का प्रचार-प्रसार करना अपराध की श्रेणी में आता है। अतः जय प्रकाश यादव के द्वारा उपयोग किये गये पद की जांच कर गलत पाये जाने पर उचित कार्यवाही कर एफआईआर दर्ज करने उन्होंने एसपी दुर्ग को पत्र सौंपा है। एसपी से की गई शिकायत की प्रति जिलाध्यक्ष ने प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंहदेव, संगठन महामंत्री पवन साय, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल, दुर्ग संभाग प्रभारी भूपेंद्र सवन्नी, जिला प्रभारी संदीप शर्मा को भी दी गई है। भाजपा जिला कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में जिलाध्यक्ष के साथ महामंत्री बिजेंद्र सिंह और योगेंद्र सिंह भी मौजूद रहे।

- एफआईआर दर्ज करने एसपी दुर्ग को सौंपा पत्र

**खाद्य नियंत्रक ने की जांच, संग्रहण केंद्र के मजदूरों का लिया गया बयान**

# धान में मिट्टी मिलाने के मामले में जांच पूरी, सौंपी रिपोर्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

कोड़िया धान संग्रहण केंद्र में धान में मिट्टी मिलाए जाने के मामले की जांच पूरी हो गई है। खाद्य विभाग और मार्कफेड के अधिकारियों की टीम ने स्थल पर पहुंचकर मौके पर मौजूद सारे जिम्मेदार कर्मचारियों और अधिकारियों का बयान लिया है। बयान में धान मे मिट्टी मिलाए जाने की बात सामने आई है। हालांकि इसकी पुष्टि नहीं की गई है। खबर है कि खाद्य विभाग ने जांच रिपोर्ट कलेक्टर अभिजीत सिंह को सौंप दी है। हालांकि कलेक्टर ने रिपोर्ट का अवलोकन नहीं किया है। उन्होंने इस मामले में रिपोर्ट के अवलोकन के बाद दोषियों पर कार्रवाई की बात कही है।

### दोषियों पर लटक रही तलवार

जानकारी के मुताबिक संग्रहण केंद्र के प्रभारी कन्नौजे सहित अन्य कर्मचारियों पर कार्रवाई की तलवार लटक रही है। संग्रहण केंद्र की पूरी जिम्मेदारी जिला विपण की है। आसपास के जिलों का धान यहां डंप है। लगभग 4 लाख टन धान इस केंद्र में डंप है, जिसे अलग-अलग जिलों से खरीदी के बाद परिवहन कर कोड़िया में लाया गया है। दुर्ग जिले में हुई खरीदी का भी धान इस केंद्र में डंप है। इसे आगामी दिनों में मिलर्स को जारी किया जाना था, जिसे मिलिंग कर एफसीआई और नागरिक आपूर्ति निगम में जमा कराया जाना था। संग्रहण केंद्र में लाए गए धान की बोरियों को खोलकर ढेर लगाकर धान में मिट्टी मिलाई जा रही थी।

हरिभूमि फॉलोअप


Raipur Raipur Main - 20 Mar 2025 - Page 3

हरिभूमि

समाचार ही नहीं, विचार भी

चार केंद्रों में 20 लाख टन धान डंप, कोड़िया में नीलामी से पहले मिलाई जा रही थी मिट्टी, ग्रामीणों ने बनाया वीडियो, अब जांच

### जांच हुई पूरी



संग्रहण केंद्र के कर्मियों का बयान लिया गया है। जांच पूरी कर ली गई है। अवलोकन के बाद जो भी दोषी पाया जाता है, उस पर कार्रवाई की जाएगी।

-अभिजीत सिंह, कलेक्टर दुर्ग

### सौंपी गई रिपोर्ट

खाद्य विभाग के अधिकारियों ने इस मामले में जांच की है। उन्होंने संग्रहण केंद्र में मौजूद सारे कर्मियों का बयान लिया है। वायरल वीडियो का भी परीक्षण किया है। रिपोर्ट कलेक्टर को सौंप दी गई है।

**भौमिक बघेल**, डीएमओ

### 6 संग्रहण केंद्रों में 23.68 लाख मीट्रिक टन धान डंप

अधिकारियों ने बताया कि इस बार जिले में छह संग्रहण केंद्र बनाए गए हैं। इनमें कोड़िया, जेवरा, सेलूद, अरसनारा, बासीन और करेंजा भिलाई शामिल हैं। यहां करीब 23.68 लाख मीट्रिक टन धान डंप है। यह धान दुर्ग के अलावा आसपास के अन्य जिलों से लाया गया है। इन संग्रहण केंद्र से मिलर्स को मिलिंग के लिए धान जारी किया जाना है। जहां धान की हेर-फेर की आशंका बढ़ गई है। इधर दुर्ग जिले में कुल 5.76 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी हुई। इसमें 5.18 लाख मीट्रिक टन धान मिलर्स को जारी किया चुका है। 102 केंद्रों में 106624 किसानों से धान खरीदी गया है। मिलर्स को जितना धान जारी किया गया है, उनमें से नागरिक आपूर्ति निगम में 70866 टन और एफसीआई में 45958 टन चावल जमा हुआ है।

बता दें कि दुर्ग जिले के कोड़िया धान संग्रहण केंद्र में पांच दिन पहले अनोखा घोटाला सामने आया था। हरिभूमि ने इस पूरे मामले में खुलासा किया था। कोड़िया संग्रहण केंद्र में वजन बढ़ाने के लिए मिट्टी मिलाई जा रही थी। मौके पर नियमित रूप से मिट्टी से भरे हाइवा पहुंच रहे थे। इसका स्थानीय कर्मचारियों ने वीडियो बनाकर उसे वायरल कर दिया। इसके बाद पूरे मामले का खुलासा हुआ था। जब संग्रहण केंद्र के अधिकारियों से इस बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि मिट्टी पौधे लगाने के लिए मंगाई गई है, लेकिन वहां एक भी पौधा नहीं दिखा। मार्कफेड के अधिकारी भी चुप्पी साधे रहे। बाद में कलेक्टर के निर्देश पर इस पूरे मामले में जांच शुरू हुई।

# महिला इंजीनियर के साथ लूटपाट, आरोपी गिरफ्तार



**भिलाई।** महिला इंजीनियर की बेटी के गले में चाकू टिकाकर लूटपाट करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। क्राइम डीएसपी अजय सिंह ने बताया कि मरोदा सेक्टर निवासी इंजीनियर सुमन साहू अपने बेटियों के साथ आत्मानंद गार्डन से घूमकर वापस घर लौट रही थी। इस दौरान एक्टिवा सवार चाकू निकालकर महिला इंजीनियर के गले में चाकू अडाकर लूटपाट कर फरार हो गया था। शिकायत के बाद पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी रही। आरोपी को पकड़ने के लिए पुलिस ने टीम बनाकर खोजबीन शुरु किया गया। पुलिस ने आसपास के सीसीटीवी कैमरों को खंगाला कई लोगों से पूछताछ भी गई। जेल से रिहा हुए आरोपियों से भी पूछताछ करने के बाद मुखबिर से पतासाजी किया गया। जिसमें कैमरे में एक संदेही के हुलिये के आधार पर मिलती-जुलती एक्टिवा की खोजबीन की गई। घेराबंदी कर प्रगति नगर सड़क 8 रिसाली निवासी अर्पित साहू को पकड़ा गया। युवक से पूछताछ करने पर लूटपाट करना स्वीकार किया।

# स्टेट स्कूल में आज से डेढ़ हजार मूल्यांकनकर्ता जाचेंगे दसवीं-बारहवीं की कॉपियां, 5वीं-8वीं का मूल्यांकन करने दूसरे ब्लॉक भेजेंगे उत्तर पुस्तिकाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

परीक्षा का दौर अब समाप्त होने की ओर है। ऐसे में अब शिक्षा विभाग ने मूल्यांकन की तैयारी शुरू कर दी है। दसवीं और बारहवीं कक्षा का मूल्यांकन आज से शुरू होने जा रहा है। इसके लिए स्टेट स्कूल को मूल्यांकन केंद्र बनाया गया है, जहां अगले एक पखवाड़े में डेढ़ हजार शिक्षक एक लाख से अधिक कॉपियों की जांच करेंगे।

इसके अलावा डेढ़ दशक बाद हो रही पांचवी-आठवीं बोर्ड परीक्षा को लेकर भी मूल्यांकन के दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं। पांचवी और आठवीं की कॉपियां जांचने के लिए जिले के ही दूसरे ब्लॉक में भेजने कहा गया है। पांचवी की 30 मार्च और आठवीं की कॉपियां जांचने का काम चार अप्रैल से शुरू होगा। जिले में डोंगरगढ़ एवं छुरिया ब्लॉक में एकल एवं शिक्षकविहीन स्कूल अधिक होने के चलते यहां मूल्यांकन में दिक्कतें हो सकती है। ज्ञात हो कि दसवीं-बारहवीं कक्षा के लिए मूल्यांकन करने से पहले पांच साल की सेवा पूरी कर चुके शिक्षकों को आवेदन फार्म जमा करना होता है। जिसके बाद प्रदेश स्तर से ही मूल्यांकनकर्ताओं की जिलेवार सूची जारी की जाती है। पिछले साल लगभग 1600 शिक्षकों ने कॉपी जांचने का काम किया था। इस बार भी यह संख्या डेढ़ हजार के करीब है। इधर जिला शिक्षा अधिकारी पीएस बघेल से मिली जानकारी के अनुसार माशिमं से मिले दिशा-निर्देश के अनुसार मूल्यांकन केंद्रों में तैयारी पूरी कर ली गई है। आज से स्टेट स्कूल में मूल्यांकन का काम किया जाएगा।

## अप्रैल के पहले पखवाड़े में पूरा हो जाएगा मूल्यांकन का कार्य, अंतिम सप्ताह जारी होंगे परिणाम!

### दो खेप में आएंगी कॉपियां

मिली जानकारी के अनुसार मूल्यांकन के लिए दो खेप में उत्तर पुस्तिकाएं भेजी जाएंगी। पहली खेप में दसवीं की 22 और बारहवीं की लगभग 22 हजार कॉपियां भेजी गई है। जिले को दोनों ही कक्षाओं की 50-50 हजार कॉपियां दी जाएगी। पांच साल सेवा पूरा करने वाले डेढ़ हजार शिक्षक मूल्यांकन करने का काम करेंगे। किसी भी प्रकार की गलती से बचने के लिए एक शिक्षक रोजाना अधिकतम चालीस कॉपियां ही चेक करेगा।




### जांचने का मिलेगा मानदेय

बोर्ड कक्षा की हर कॉपी जांचने के लिए शिक्षकों को अलग से मानदेय दिया जाएगा। बारहवीं कक्षा के लिए प्रति कॉपी 11 रुपए, दसवीं के लिए दस रुपए, आठवीं के लिए तीन रुपए एवं पांचवी कक्षा के मूल्यांकन के लिए प्रति कॉपी दो रुपए का मानदेय दिया जाएगा। इसके अलावा केंद्राध्यक्ष को रोजाना डेढ़ सौ एवं सहायक केंद्राध्यक्ष को सौ रुपए का मानेदय मिलेगा।

### जिले में 16 मूल्यांकन केंद्र

करीब 16 साल बाद आयोजित की जा रही 5वीं एवं 8वीं की बोर्ड परीक्षाओं के मूल्यांकन की शुरूआत 30 मार्च से होने जा रही है। पांचवी का मूल्यांकन 30 मार्च से 10 अप्रैल के मध्य होगा। वहीं आठवी का मूल्यांकन 4 से 12 अप्रैल के मध्य पूरा करने का टारगेट दिया गया है। दोनों ही कक्षाओं की उत्तर पुस्तिकाएं दूसरे ब्लॉक के शिक्षकों से चेक कराई जाएगी। इसके लिए जिले के चारों ब्लॉक में चार-चार मूल्यांकन केंद्र बनाए गए हैं।

## सार समाचार

### सदगुरू कबीर मंदिर आश्रम में की पूजा-अर्चना

**राजनांदगांव।** सुकुलदैहान समीपस्थ एतिहासिक सदगुरु कबीर मंदिर आश्रम पेंडरी में विगत दिनों कैलिफोर्निया अमेरिका निवासी भक्ति मति सुशीला बेन एवं उनके साथ आएं सदगुरु कबीर दर्शनार्थी यात्रा अंतर्गत पहुंचकर श्रद्धा भक्ति से त्याग वैराग्य तपोनिषठ पंथ श्री 1008 हजूर अर्धनाम साहेब कबीर पंथाचार्य के पावन जन्म स्थली भूमि पर उनके प्रतिष्ठित माताजी के मूर्ति पर चुनरी एवं पुष्पमाला पहनाकर व मत्था टेककर दर्शन लाभ प्राप्त किया। भक्ति मति सुशीला बेन हमेशा इस पुण्य धरा धाम ग्राम पेंडरी में सदगुरु कबीर मंदिर आश्रम और जन्मभूमि स्थली पर गुरु महिमा पाठ, आरती पूजन किया। इस शुभ अवसर पर केनिया निवासी पूर्णिमा मनसुख साहू डोंगरगांव, सदगुरु कबीर मंदिर आश्रम पेंडरी के महंत सेवा दास साहेब, अध्यक्ष फलेश कुमार साहू, योगदास साहू, कौशल साहू, मानिक दास साहू, गोरखदास साहू, मेघराज साहू, निरंजन धर्मपत्नी नेहा साहू, कुंती साहू, सावित्री साहू, सोनारिन साहू, जंत्री साहू ने आए हुए विदेशी मेहमानों का स्वागत सम्मान किया। जानकारी सहप्रबंधक डेहरलाल सिन्हा ने दी।




### रमन को पुरखा के सुरता की प्रति की भेंट

**राजनांदगांव।** साहू सदन बसंतपुर में जिला साहू संघ राजनांदगांव द्वारा आयोजित जिला स्तरीय कर्मा जयंती समारोह में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. रमन सिंह को साकेत साहित्य परिषद सुरगी के अध्यक्ष ओमप्रकाश साहू ने अपनी गद्य कृति पुरखा के सुरता की प्रति भेंट किया। साथ ही कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू, छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेशाध्यक्ष दीपक बैज, डोंगरगांव विधायक दलेश्वर साहू, खुज्जी विधायक भोलाराम साहू, जिला साहू संघ राजनांदगांव अध्यक्ष भागवत साहू को भी अपनी किताब भेंट किया।



### मानव मंदिर में खाद्य सुरक्षा की संयुक्त टीम की दबिश

**राजनांदगांव।** आमजन को स्वच्छ, सुरक्षित खाद्य सामग्री की उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कलेक्टर संजय अग्रवाल के निर्देश पर एसडीएम खेमलाल वर्मा के मार्गदर्शन व डिप्टी कलेक्टर अमीय श्रीवास्तव के नेतृत्व में संयुक्त टीम का गठन कर शहर के प्रतिष्ठित मानव मंदिर होटल में अचानक दबिश दी गई।

जांच दल द्वारा मौके पर भंडारित खाद्य सामग्रियों के उचित व्यवस्थापन के निर्देश संचालक को दिए गए व नियमानुसार व्यापार करने की समझाइश भी दी गई। खाद्य सुरक्षा अधिकरी डोमेन्द्र ध्रुव द्वारा मौके पर विक्रय हेतु भंडारित आलू, बड़ा, कचौड़ी, बेसन, तेल आदि का नमूना गुणवत्ता जांच हेतु जब्त किया गया है। जांच रिपोर्ट उपरांत नियमानुसार अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। संबंधित को आवश्यक सुधार हेतु नोटिस भी जारी किया गया है। संयुक्त टीम में भूषण प्रताप, जितेन्द्र साहू, लक्ष्मीनारायण व पुलिस जवान शामिल रहे।

### मंत्री ने पूछा हालचाल

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल एवं भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत जिला हॉस्पिटल राजनांदगांव में पहुंचकर प्रदेश युवा देवांगन समाज छत्तीसगढ़ के सचिव एवं राजनांदगांव नगर देवांगन समाज के युवा अध्यक्ष अंकित देवांगन का स्वास्थ्य का हालचाल पूछा और जल्द ठीक होने की कामना की। छत्तीसगढ़ के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल एवं भाजपा जिलाध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने हॉस्पिटल के अंकित देवांगन की सुविधा के बारे में भी पूछा।



## विभिन्न समस्याएं लेकर पहुंचे लोगों की समस्याओं का निराकरण

# विस अध्यक्ष ने सुनी जनता की समस्याएं गिरते भू-जल स्तर को लेकर जताई चिंता

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

विधानसभा अध्यक्ष एवं राजनांदगांव विधायक डॉ. रमन सिंह आज अपने विधानसभा क्षेत्र में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होने पहुंचे। उन्होंने अपने निवास कार्यालय में जनता की समस्याएं सुनी और भाजपा कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। वहीं विभिन्न समस्याएं लेकर पहुंचे लोगों की समस्याओं के निराकरण को लेकर संबंधित अधिकारियों को उन्होंने निर्देशित किया।

अपने विधानसभा पहुंचे डॉ. रमन सिंह ने कर्मा जयंती को लेकर साहू समाज सहित प्रदेशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं दी। इस दौरान डॉ. रमन सिंह ने कहा कि कर्मा माता ने अपनी भक्ति से ऐसी शक्ति दिखाई थी कि भगवान कृष्ण को भी बाल रूप में उनके पास आना पड़ा था। उन्होंने कहा कि माता कर्मा के दिखाएं रास्ते पर चलकर आज साहू समाज आगे बढ़ रहा है।



### पंचायत मंत्री करेंगे निराकरण

छत्तीसगढ़ प्रदेश में पंचायत सचिव की हड़ताल की वजह से कार्य प्रभावित होने और उनकी मांगों को लेकर डॉ. रमन सिंह ने कहा कि पंचायत सचिवों की मांगे हैं, उनकी समस्या का निराकरण पंचायत मंत्री करेंगे।

### जल स्रोतों को लेकर कार्ययोजना

शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में तेजी से सूखते नलकूप व तालाबों को लेकर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने चिंता जाहिर की है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में पहली बार भू-जल स्तर तेजी से गिर रहा है। उन्होंने कहा कि अभी गर्मी को लेकर दो-ढाई महीने का वक्त और है और भू-जल का स्तर अभी से गिरना एक चुनौती है। उन्होंने कहा कि विधानसभा में यह मामला आया था। जिसको लेकर गांव में जो समस्या हो रही है, उस पर योजना बनाई जा रही है। उन्होंने कहा कि लोगों को पेयजल के लिए पानी उपलब्ध हो जाएगा, लेकिन मवेशी और निस्तारी के लिए संकट दिखाई दे रहा है। उन्होंने कहा कि पीएचई विभाग जल स्रोतों को लेकर योजना बना रही है।

### अवैध बिक्री रोकने नई दुकान

जिले में अवैध शराब की बढ़ती बिक्री और सरकार द्वारा नई दुकान खोले जाने के मामले को लेकर डॉ. रमन सिंह ने कहा कि कोचिये कम कैसे हो, इसको लेकर विभाग ने एक विकल्प के रूप में जिन क्षेत्रों में ज्यादा अवैध शराब के मामले आ रहे हैं, उन्हें चिन्हित कर नए दुकान प्रस्तावित कर रही है, ताकि जहरीली और अवैध शराब को रोका जा सके।

### पारदर्शी तरीके से हो रहा काम

ट्रिपल इंजन की सरकार बनने के बाद विकास कार्यों की तेजी को लेकर डॉ. रमन सिंह ने कहा कि विकास के कार्य प्रदेश में काफी रफ्तार से हो रहा है। उन्होंने कहा कि मोदी की गारंटी को पूरा करने तेजी से काम किया जा रहा है। अधिकांश वादे पूरे हो गए हैं। उन्होंने कहा कि सभी कार्य पारदर्शिता के साथ सरकार कर रही है। मेडिकल कॉलेज अस्पताल में अव्यवस्था को लेकर डॉ. रमन सिंह ने कहा कि व्यवस्था में कमियां है, समय रहते इन कमियों को ठीक करने स्वास्थ्य मंत्री से मैंने कहा है। उन्होंने कहा कि इतना बड़ा इंफ्रास्ट्रक्चर बना है। जिसमें जनता को पूरी सुविधा मिलनी चाहिए।

## वारंटी गिरफ्तार पुलिस ने की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

धरपकड़ अभियान के तहत पुलिस ने 3 स्थायी वारंटी एवं 2 गिरफ्तारी वारंट तामील कर कार्रवाई की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा व पुलिस अनुविभागीय अधिकारी आशीष कुंजाम के दिशा-निर्देशन पर आगामी नवरात्रि पर्व के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए फरार आरोपियों, अवैध शराब बेचने वाले, असामाजिक तत्वों की पता-तलाश अभियान कार्रवाई किया जा रहा है। इसी दौरान माननीय न्यायालय द्वारा जारी स्थायी वारंटी जो पांच वर्षों से मारपीट के मामले में फरार थे, जिन्हें विश्वस्त मुखबीर की सूचना पर स्थायी वारंटी मनीष यदु 23 वर्ष, परमेश्वर यादव 28 वर्ष, जितेन्द्र कुमार 32 वर्ष साकिनान लालबहादुर नगर को उनके निवास से पकड़कर वारंट तामील कर माननीय न्यायालय में पेश किया गया। उसके बाद आदेशानुसार जेल दाखिल किया गया। इसी प्रकार अस्थायी गिरफ्तारी वारंटी हंसराज साहू 24 वर्ष निवासी ग्राम कोलिहापुरी, मनोज चंद्राकर 42 वर्ष निवासी महराजपुर पुलिस चौकी चिचोला को वारंट तामील कर माननीय न्यायालय में पेश किया गया।

## हिंदू नववर्ष की पूर्व संध्या पर निकलेगी सनातन एकता यात्रा




**राजनांदगांव।** हिन्दू नववर्ष के अवसर पर 29 मार्च को सनातन धर्म महासभा द्वारा शहर में भव्य सनातन एकता शोभायात्रा निकाली जाएगी। इस शोभायात्रा को लेकर समिति से जुड़े पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने प्रेस कॉन्फ्रेस कर आयोजन के संबंध में जानकारी दी और बड़ी संख्या में सनातन धर्मप्रेमी बंधुओं से आयोजन में शामिल होने की अपील की। प्रेस कॉन्फ्रेस के दौरान सनातन सेवा महासभा के संतोष पटाक, शारदा तिवारी, सुदेश देशमुख, शिव वर्मा, राकेश ठाकुर, सौरभ खंडेलवाल, मौसमी शर्मा, राजेश शर्मा सहित अन्य पदाधिकारी ने कहा कि हिन्दू नववर्ष चैत्र नवरात्र की पूर्व संध्या पर यह यात्रा निकाली जा रही है।

### बालाजी मंदिर से यात्रा

सनातन धर्म महासभा द्वारा धूमधाम से सनातन एकता यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। यह यात्रा बालाजी मंदिर गंज लाइन से दोपहर 3 बजे से प्रारंभ होकर शहर के विभिन्न मार्गों का भ्रमण करेगी। सनातन एकता यात्रा बालाजी मंदिर गंज लाइन से पूजा-अर्चना कर प्रारंभ की जाएगी, जो कि पुराना गंज लाइन, तिरंगा चौक, आजाद चौक, मानव मंदिर चौक, गांधी चौक, दुर्गा चौक, बालगोविंद चौक, बसंतपुर थाना, सदर बाजार होते हुए बालाजी मंदिर पहुंचकर संपन्न होगी। तत्पश्चात प्रसादी वितरण किया जाएगा।

### सभी धार्मिक संगठनों से शामिल होने की अपील

प्रेस कॉन्फ्रेंस में पदाधिकारी ने कहा कि सनातन एकता यात्रा का मुख्य उद्देश्य सभी सनातनी भाइयों को एकजुट करना है। सनातन धर्म वह धर्म है। जिसका प्रारंभ तो है, मगर अंत नहीं। वहीं उन्होंने जात-पात की करो विदाई, हम सब हिन्दू भाई-भाई की अपील करते शहर के सभी धार्मिक व सामाजिक संस्थाओं, सभी गणेश, दुर्गा उत्सव समिति एवं सभी मंदिरों व हिन्दू संगठनों से सनातन एकता यात्रा में शामिल होने की अपील की है।

## राज्य के विकास में योगदान दे रहा साहू समाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह आज भक्त माता कर्मा जयंती अवसर पर साहू सदन बसंतपुर में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने भक्त माता कर्मा जयंती पर साहू समाज के साथ-साथ प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के विकास में साहू समाज पूरी दृढ़ता, ईमानदारी, परिश्रम एवं मजबूती के साथ खड़ा है। साहू समाज मेहनतकस होने के साथ-साथ धार्मिक प्रवृत्ति वाला है। यह एक ऐसा समाज है, जो नशे से दूर रहकर राज्य के विकास में अपना योगदान दे रहा है। उन्होंने भक्त माता कर्मा का स्मरण करते कहा कि उन्होंने अपने भक्ति बल पर बालक श्रीकृष्ण का आह्वान किया था। विधानसभा अध्यक्ष ने साहू समाज के निर्मित भवन में डोम निर्माण के लिए 10 लाख रुपए की राशि देने की घोषणा की। इस दौरान पूर्व मंत्री ताम्रध्वज साहू, पूर्व सांसद दीपक बैज, डोंगरगांव विधायक दलेश्वर साहू, खुज्जी विधायक भोलाराम साहू विशेष रूप से उपस्थित थे। पूर्व सांसद दीपक बैज ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया।

- भक्त माता कर्मा जयंती में शामिल हुए विस अध्यक्ष डॉ.रमन सिंह

## पेज 9 के शेष

### 3 साल में औसतन 5 मीटर ...

बढ़ने वाली है। वहीं, शहर की बात करें तो 50 हजार से अधिक आबादी वाले बेमेतरा नगर पालिका क्षेत्र में जहां दोनों समय जलापूर्ति होती रही है व अभी जल प्रदाय की स्थिति कमजोर होने के चलने एक समय का पानी नलों से मिल पा रहा है। टैंकरों से रात 12 बजे तक वार्डों में सप्लाई की जा रही है। बहरहाल अभी भी यदि आमजन व प्रशासन इस विषय को लेकर गंभीर नहीं हुई तो आने वाले सालों में हर एक बूंद के लिए जूझना पड़ सकता है।

### वार्डों में जल संकट, समाधान ...

सके। इसके अलावा उन्होंने नल ऑपरेटरों से कहा कि वार्डों में कहीं भी नल खराब हो, बेवजह पानी बह रहा हो, तत्काल दुरुस्त करें। नल चालू और बंद रखने का समय सुनिश्चित करने के साथ-साथ जल आपूर्ति पर विशेष ध्यान दें। इसके साथ ही लापरवाह कर्मचारियों को कार्यशैली सुधारने की सख्त हिदायत दी गई। उनसे कहा गया कि अब लापरवाही बिल्कुल न बरतें। अपने काम को अपना नैतिक कर्तव्य समझें। जो कर्मचारी अपने पुराने ढर्रे में चलते आ रहे हैं, वो अपना रवैया सुधार लें। हमको नगर में सेवा और सुचारू व्यवस्था देनी है। ड्यूटी टाइम पर नशे से दूर रहें। नगर की जनता से किसी प्रकार के वाद विवाद न करें। बैठक में सीएमओ कोमल ठाकुर, इंजीनियर सहित पार्षद नीतू कोठारी, विकास तंबोली, रवि मुलवानी, आकिब मलकानी, नल ऑपरेटर सहित नगर पालिका के अधिकारी और कर्मचारी शामिल रहे।



## खबर संक्षेप

### राजपूत क्षत्रिय महासभा के चौथी बार अध्यक्ष चुने गए राजेश ठाकुर

**थानखमरिया।** राजपूत क्षत्रिय महासभा 1282 उप समिति थान खमरिया परिक्षेत्र में तारीख 23 को



महाराणा प्रताप भवन में चुनाव संपन्न हुए। प्रातः 7:00 बजे से 3:00 बजे तक पश्चात 4:00 बजे मतगणना आरंभ हुईं, जिसमें केंद्रीय चुनाव पर्यवेक्षक द्वारा परिणाम घोषित किया गया। जिसमें राजेश ठाकुर को 592 मत पड़े, वहीं ऋषि सिंह परमार को 269 मत प्राप्त हुए, इस प्रकार 313 वोट से राजेश ठाकुर की जीत दर्ज हुई विधिवत प्रमाण पत्र दिया गया। अवगत हो कि राजपूत समाज के द्वारा त्रिवर्षी चुनाव किया जाता है, यह कार्यकाल 3 वर्ष के लिए रहता है, लगातार चौथी बार राजपूत क्षत्रिय समाज के अध्यक्ष नियुक्त किए गए हैं। राजेश ठाकुर ने सभी निर्वाचित पदाधिकारी एवं सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त किया।

### चंदनिया कुर्मी समाज का होली मिलन आज

**कुण्डा।** ग्राम कुण्डा में बुधवार को जिला चंदनिया कुर्मी क्षत्रिय समाज जिला कबीरधाम के तत्वधान में भव्य होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। है। जिला अध्यक्ष चंदनिया कुर्मी क्षत्रिय समाज एवं सरपंच कुण्डा हरेंद्र चंद्राकर से मिली जानकारी के अनुसार 26 मार्च 2025 दिन बुधवार को ग्राम कुण्डा में चंदनिया कुर्मी क्षत्रिय समाज द्वारा जिला स्तरीय भव्य होली मिलन एवं समाज से नव निर्वाचित पंच, सरपंच, उपसरपंच, जिला, जनपद सदस्य, पार्षद एवं अध्यक्ष की सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित है। हरेंद्र चंद्राकर ने बताया कि होली मिलन एवं समान समारोह कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में पंडरिया विधायक भावना बोहरा उपस्थित रहेंगी। अध्यक्षता पूर्व विधायक पंडरिया ममता चंद्राकर करेंगी। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में समाज के वरिष्ठजन उपस्थिति रहेंगे। उन्होंने बताया कि होली मिलन एवं सम्मान समारोह कार्यक्रम 26 मार्च बुधवार को दोपहर 01 बजे से मुंगेली रोड दाऊ तालाब के पास निर्माणाधीन सामाजिक भवन के प्रांगण में आयोजित किया जाएगा।

### चिल्फी पहुंची सामाजिक यात्रा का भव्य स्वागत

**चिल्फीघाटी।** गठेठवार यादव की प्रदेश स्तरीय सामाजिक समरसता यात्रा के चिल्फी पहुंचने पर यात्रा का समाज के लोगों तथा ग्रामीणों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। गौरतलब है कि यह यात्रा 22 मार्च को महादेव घाट रायपुर से प्रारंभ होकर खैरागढ़, गंडई छुई खदान होते हुए मध्य प्रदेश के लांजी, दमोह, कन्या होते हुए 24 मार्च को चिल्फी घाटी पहुंची। जहां यात्रा का ठेठवार यादव समाज के युवा प्रकोष्ठ एवं वरिष्ठों के द्वारा भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर प्रदेश के अध्यक्ष परमानंद यादव, महासचिव नरोत्तम यदु, प्रवीण यादव, लालाराम यदु, विष्णु प्रसाद यदु, राजेश कुमार यदु, भूरे लाल यादव, जीवन यादव, राजू यादव, कोषाध्यक्ष हरीश कुमार यदु सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित थे।

### शिखर युवा मंच ने विश्व टीबी दिवस पर चलाया जागरुकता अभियान

**कवर्धा।** विश्व क्षय रोग (टीबी) दिवस के अवसर पर एसबीआई संजीवनी टीम कबीरधाम एवं सरकारी स्वास्थ्य विभाग, बोडला के संयुक्त तत्वावधान में बीते सोमवार को सामुदायिक बोड़ला में एक जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य समुदाय में टीबी के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा लोगों को इस बीमारी के लक्षण, बचाव और उपचार के बारे में शिक्षित करना था। इस अवसर पर खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. पुरुषोत्तम राजपूत, ब्लॉक प्रोग्राम मैनेजर रुपेश साहू, भूपेन्द्र भास्कर एलटी टीबी, छत्रपाल सिंह ठाकुर एलटी एचआईव्ही एड्स, एसबीआई संजीवनी टीम तथा अस्पताल के समस्त स्टाफ ने सक्रिय भूमिका निभाई। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों को बताया गया कि टीबी एक संक्रामक बीमारी है जो मुख्य रूप से फेफड़ों को प्रभावित करती है। इसके लक्षणों में लगातार खांसी, वजन घटना, रात में पसीना आना, भूख कम लगना आदि शामिल हैं। विशेषज्ञों ने टीबी की जांच एवं निःशुल्क उपचार की उपलब्धता पर भी जानकारी दी।

# जिपं में जल संकट को लेकर चिंता, अध्यक्ष कल्पना ने समाधान पर दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

इस बीच जिला पंचायत में भी जिले के विभिन्न इलाकों में गहराते जल संकट को लेकर चिंता जताई गई। साथ ही इसके समाधान को लेकर चर्चा की गई। जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना योगेश तिवारी की अध्यक्षता में हुई बैठक में जल संकट के समाधान पर जोर दिया गया।

जिपं अध्यक्ष कल्पना ने जल जीवन मिशन को लेकर विशेष रूप से चर्चा की। उन्होंने निर्देश दिया कि जिन गांवों में पानी की गंभीर समस्या है, वहां बोरवेल एवं जल स्त्रोतों का विस्तार किया जाए। गर्मी के दौरान जिन क्षेत्रों में पेयजल की भारी कमी रहती है, वहां टैंकर के माध्यम से पानी की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। भविष्य में पानी की समस्या का स्थायी समाधान करने के लिए जल संसाधन मंत्री से संपर्क कर नदी से जलापूर्ति परियोजना को मंजूरी दिलाने का प्रयास किया जाएगा।

**आवास नोडल अधिकारियों से चर्चा :** जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना योगेश तिवारी ने रायपुर मंत्रालय में आवास के नोडल अधिकारियों से बात कर जल्द सुधार कर हितग्राहियों को आवास देने का आग्रह किया। इस पर नोडल अधिकारियों ने जल्द ही सुधार करने की बात कही और आश्वासन दिया कि स्वीकृत आवास जल्द ही हितग्राहियों को मिल जायेगा।

### जिपं अध्यक्ष की अध्यक्षता में जलजीवन मिशन व आवास को लेकर हुई बैठक



#### पीएम आवास के लिए वसूली की शिकायत, दी सख्त हिदायत

बैठक के दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना को लेकर भी चर्चा की गई। जिपं अध्यक्ष कल्पना योगेश तिवारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि अपूर्ण आवास योजनाओं को शीघ्रता से पूर्ण किया जाए, ताकि पात्र लाभार्थियों को जल्द से जल्द उनका घर मिल सके। उन्होंने कहा कि सर्वे करने वाले कुछ आवास मित्र और सचिवों के नाम पर भी शिकायतें मिल रही हैं, कि आवास के नाम पर पैसे की माँग की जा रही है। उन्होंने इस पर सख्त हिदायत देते हुए कहा कि ऐसे कर्मचारियों की जाँच करें और अगर जाँच में सत्यता पाई जाती है, तो उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई करें। उन्होंने कहा कि जिले में लगभग 400 आवास स्वीकृति होते के बावजूद आधार और खातों में कुछ त्रुटि पायी गई हैं, जिसके कारण आज तक उन्हें आवास नहीं मिल पा रहा है और वे सरकारी दफ़्तर के चक्कर लगा रहे हैं।

## आयोजन : साजा के पीजी कॉलेज में हुआ सेमिनार

# टीबी के मरीजों की जांच देखरेख व उपचार को लेकर दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/साजा

विश्व क्षय दिवस के उपलक्ष्य में जिला अस्पताल सहित समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में टीबी जन-जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

■ रंगोली बना कर कॉलेज विद्यार्थियों ने टीबी के इलाज की पद्धतियों पर किया ध्यान केंद्रित

इस दौरान मुख्यचिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. यशवंत कुमार ध्रुव, जिला स्वास्थ्य अधिकारी सह जिला क्षय नियंत्रण अधिकारी डॉ अशोक कुमार बंसोड, साजा में खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ अश्वनी कुमार वर्मा, नवागढ़ से डॉ एम एस रजा, बेरला से डॉ जितेंद्र कुंजाम एवं नवागढ़ में विनोद कुमार कुर्रे तहसीलदार उपस्थित थे।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ वाईके धुर्वे ने बताया कि अब कम लक्षण वाले टीबी के मरीजों को भी पहचान कर उसका टूनाट एवं चेस्ट एक्सरे की जांच कर टीबी का पता लगाया जा सकता है। साथ ही कम लक्षण वाले टीबी के मरीजों को टीपीटी दिया जा सकता है। 24 मार्च 1882 को ही माइकोबैक्टीरियम ट्यूबरकुलोसिस, (टीबी) नामक बैक्टीरिया की खोज जर्मन वैज्ञानिक डॉ.रॉबर्ट कोच के द्वारा किया गया था। प्रत्येक वर्ष इनकी खोज के कारण ही विश्व क्षय दिवस मनाया जाता है। इनके इन्ही प्रशस्ति के लिए सन 1905 में नोबल पुरस्कार से सम्मानित किया गया। टीबी के लक्षण दो हप्ते से अधिक खासी, बलगम आना, बलगम के साथ खून आना, छाती में दर्द होना, गले में गांठ होना, थकान व कमजोरी होना, वजन का कम होना जैसे लक्षणों को विस्तार से बताया गया और ये सभी लक्षण होने पर अपने नजदीकी स्वास्थ्य केंद में टूनाट, सीबीनाट से बलगम की जाँच या छाती का एक्सरे अवश्य करावे। सीवाई-टीबी जाँच प्रथम चरण में स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी व अधिकरियों ने आज दिनांक 24 मार्च से प्रारंभ होकर 24 अप्रैल 2025 तक जाँच किया जायेगा। यह एक प्रकार की टीबी संक्रमण की जाँच है जो की हमारे शरीर में टीबी के संक्रमण दर को पता लगाया जा सकता हैं है सीवाई-टीबी जाँच सकारात्मक होने पर टीपीटी (दवाई) प्रदान की जाएगा और जांच नकारात्मक आने पर 3 महीने के बाद पुनःजांच की जाएगी। सीवाई-टीबी टेस्ट के माध्यम से अब आसान होगा प्रारम्भिक लक्षणों को पहचना जाएगा। कार्यक्रम में जिला कार्यक्रम समन्वयक सम्पत्ति बंजारे साजा के ब्लॉक वरिष्ठ पर्यवेक्षक पूरन दास, सहित दिनेश जायसवाल, यशवंत भारद्वाज, प्रमोद साहू, दिनेश गंगबेर, गिरधर देवांगन, अरुण राजपूत, अजीत जांगड़े, भूमिका वर्मा, अनुराधा तिवारी, पुष्कर अवस्थी, सहित समस्त अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।




**विद्यार्थियों के बीच संगोष्ठ, दिलाई गई शपथ**

इस कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग के उपस्थित सभी स्टाफ को टीबी के संबंध में शपथ दिलाई गई। शासकीय देवी प्रसाद चौबे साजा कॉलेज में बच्चों के द्वारा रंगोली के माध्यम से टीबी बीमारी के लक्षण जाँच, इलाज एवं बचाव के बारे में बताया एवं कॉलेज के प्राचार्य राजेश धर दीवान, प्रध्यापक ओमकार वर्मा, शिव कुमार साहू, मनोज प्रजापति, भूपेंद्र चौधरी सहित कॉलेज विद्यार्थियों के बीच संगोष्ठी कार्यक्रम कर इस बीमारी के संबंध में सेमिनार आयोजित किया गया।

# ग्राम बोरसी में धूमधाम से मनाई गई माता कर्मा जयंती



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेरला/रायपुर

विकासखंड बेरला के अंतर्गत ग्राम बोरसी में आज भक्त माता कर्मा जी की जयंती के पावन अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया।

ग्राम बोरसी में आयोजित कार्यक्रम में जनपद सदस्य रवि शंकर साहू ने समाज के लोगों के जीवन में सुख, समृद्धि और शांति की कामना की। उन्होंने कहा कि भक्त माता कर्मा का जीवन सेवा, भक्ति, त्याग और परोपकार की अनुपम मिसाल है। वे भगवान श्रीकृष्ण की अनन्य भक्त थीं और उनका आदर्श आज भी जनमानस को प्रेरणा देता है। उन्होंने भक्त माता कर्मा के चित्र पर माल्यार्पण और पूजा-अर्चना कर सभी लोगों के खुशहाली और समृद्धि की कामना की। साहू तैलिक समाज की आराध्य देवी माता कर्मा की जयंती पर विधिवत पूजा-अर्चना कर समस्त लोगों को भोजन और प्रसाद वितरित किया गया। कार्यक्रम में रामानुज साहू, छगन साहू, दूजराम साहू, विजय साहू, अजित साहू, ईश्वर साहू, भरत साहू, चन्दन साहू व समाज के अन्य लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए।



## नवागढ़ में मनाई गई माता कर्मा जयंती...



**नवागढ़।** तहसील साहू संघ नवागढ़ द्वारा भक्त माता कर्मा जयंती मनाया गया। कर्मा माता की आरती व प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर सामाजिक पदाधिकारी व समाज के लोग उपस्थित रहे।

# कवर्धा सहित अंचल में श्रृद्धा भक्ति के साथ मनाई गई मां कर्मा जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कवर्धा



भगवान श्री कृष्ण की अनन्य भक्त एवं साहू समाज की कुल देवी भक्त मां कुर्मी की जयंती 24 मार्च को कवर्धा सहित समूचे जिले में साहू समाज द्वारा धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर साहू समाज द्वारा कई धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया। भक्त मां कर्मा की जयंती के मौके पर कवर्धा नगर तहसील साहू संघ द्वारा जहां प्रातः काल 07 बजे प्रभातफेरी मंडली के साथ मां कर्मा की पूजा आरती की वहीं प्रातः 09 बजे युवाओं के द्वारा मोटर साइकिल रैली नगर में निकाली गई। 11 बजे सत्यनारायण पूजा, दोपहर 01 बजे भोजन भंडारा, दोपहर 03 बजे वरिष्ठ समाजसेवियों का सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया। वहीं शाम को नगर में स्थानीय मां कर्मा मंदिर परिसर लोहारा नाका स्थित सामाजिक भवन से भव्य शोभा यात्रा निकाल कर नगर भ्रमण किया गया। इस दौरान एक सजे धजे रथ में मां कर्मा की मनमोहक झांकी सजाई गई थी और उसे आकर्षक ढंग से सजाया गया थी। इस भव्य एवं विशाल शोभायात्रा में सैकड़ों की संख्या में साहू समाज के महिला, पुरूष, युवा तथा बुजुर्ग जन शामिल थे। युवाओं का उत्साह व जोश शोभायात्रा में देखते ही बन रहा था। वे डीजे व धुमाल की धुन में झूमते नाचते चल रहे थे। शोभायात्रा नगर के मुख्य मार्गो से होते हुए मां कर्मा मंदिर परिसर लोहारा नाका स्थित भवन में समाप्त हुई। कवर्धा की ही तरह जिले के गांव-गांव में स्थापित भक्त मां कर्मा के मंदिरों में जयंती के रोज साहू समाज के लोगों ने विधिवत पूजा अर्चना की और विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर धूमधाम से भक्त मां कर्मा की जयंती मनाई है।

उल्लेखनीय है कि भगवान श्रीकृष्ण की अनन्य भक्त, मां कर्मा देवी, जिन्हें कर्मा बाई के नाम से भी जाना जाता है, की भक्ति और श्रद्धा की अद्भुत कथा आज भी जन-जन में पूजनीय है। उनका जन्म चैत्र मास के कृष्ण पक्ष की एकादशी को झांसी, उत्तर प्रदेश के साहू परिवार में हुआ था।

### खिचड़ी का अद्भुत प्रसाद और भगवान का प्रेम

मां कर्मा देवी रोज भगवान जगन्नाथ को खिचड़ी का भोग लगाती थीं। ऐसी मान्यता है कि भगवान स्वयं उनके हाथों से बने खिचड़ी का प्रसाद ग्रहण करते थे। आज भी जगन्नाथ मंदिर में खिचड़ी का भोग अर्पित किया जाता है, जो मां कर्मा देवी की भक्ति का प्रतीक है। जब मां कर्मा देवी ने अपने पति के निधन पर सती होने का संकल्प लिया, तब भगवान श्रीकृष्ण ने उन्हें समझाया। भगवान की इस प्रेरणा से उन्होंने अपने जीवन को धर्म और भक्ति के मार्ग पर समर्पित कर दिया। मां कर्मा देवी का जीवन न केवल भक्ति की गहराइयों को दर्शाता है, बल्कि समाज सुधार की प्रेरणा भी देता है। उनका परोपकारी स्वभाव और समाज कल्याण की भावना आज भी अनुकरणीय है।

# वन विभाग ने जब्त किया चार नग सागौन का लठ्ठा

**कवर्धा।** वन परिक्षेत्र कवर्धा सामान्य एवं पंडरिया पश्चिम अंतर्गत अवैध लकड़ी परिवहन पर नियमानुसार कार्यवाही कर प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। लकड़ी एवं वाहन जप्त कर सुपुर्द में लिया गया तथा वाहन राजसात की कार्यवाही प्रकियाधीन है। वनमंडलाधिकारी कवर्धा से प्राप्त जानकारी के अनुसार 25 मार्च को कवर्धा सामान्य परिक्षेत्र के सरोधा वनवृत्त अंतर्गत झण्डी परिसर कक्ष क्रमांक पीएफ 320 में अवैध रूप से परिवहन करते सागौन लठ्ठा 4 नग कुल 0.599 घमी एवं स्कार्पियो वाहन मौके पर जप्त कर सुपुर्द में लिया गया। इसी प्रकार वन परिक्षेत्र पंडरिया पश्चिम में वनो के आसपास के गांवों में अवैध रूप से संचालित ईंट भट्ठों मे ईंट को पकाने हेतु चोरी छिपे वनो से अवैध रूप से लकड़ी लाकर उपयोग किए जाने की जानकारी प्राप्त होने पर वनमंडलाधिकारी कवर्धा, वनमंडल के निर्देशन, उप वनमंडलाधिकारी पंडरिया के मार्गदर्शन तथा परिक्षेत्राधिकारी पंडरिया पश्चिम के कुशल नेतृत्व मे वन क्षेत्रो मे विशेष गश्ती के तहत पंडरिया पश्चिम परिक्षेत्र के कर्मचारियों द्वारा 23 मार्च को रात्रि गश्ती के दौरान ग्राम पुटपुटा से सेंदूरखार मार्ग मे डोकरी घटिया के पास मे एक नग ट्रेक्टर ट्राली मे अवैध रूप से ईंट भट्ठे में ले जाते हुए जलाऊ लकड़ी का परिवहन करते हुए पकड़ा गया।

## आत्महत्या करने वाले किसान के परिजनों से मिलीं जिपं सदस्य

# पीड़ित को न्याय व दोषियों को कड़ी सजा मिले : मधु

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़



नवागढ़ ब्लॉक के ग्राम नेवशा में किसान की आत्महत्या के मामले पुलिस प्रशासन द्वारा जिला स्तरीय टीम द्वारा जांच का आश्वासन दिए जाने बाद आज तक न ही प्रशासन की कोई टीम गांव में पहुँची और न ही कोई कार्रवाई सामने आई है। इसी मामले को लेकर मंगलवार को क्षेत्रीय जिला पंचायत सदस्य मधु रॉय नेवशा पहुँचीं।

मधु रॉय आत्महत्या करने वाले किसान कुमार साहू के घर जाकर उनके परिजनों से मुलाकात कर पूरे मामले पर विस्तारपूर्वक जानकारी ली। मधु ने परिजनों को सांत्वना दी और मौन श्रद्धांजलि देकर ग्रामीणों से मुलाकात कर गांव के हालात भी जाना। तत्काल पुलिस विभाग के उच्च अधिकारियों को जल्द से जल्द जांच कर कार्रवाई के लिए कहा। मधु ने मृतक की पत्नी और उनके बेटों से मिलकर संवेदना व्यक्त की और हर संभव मदद का भरोसा दिया। मधु ने कहा कि वे कलेक्टर, गृहमंत्री से लेकर मुख्यमंत्री तक मामले को लेकर जाएंगी। वे पीड़ित परिवार व धोखे के शिकार किसानों के साथ खड़ी है। पीड़ति को न्याय एवं दोषियों को सजा होनी चाहिए। वे सड़क लेकर सदन तक की लड़ाई लड़ेंगे। ज्ञात हो किसान की आत्महत्या के मामले में मृतक किसान के परिजनों ने आरोप लगाया है कि मृतक कुमार साहू पिता रुंगु उम्र 53 निवासी ग्राम नेवशा ने एक पहले गांव के ही जित्तू साहू व अन्य के पास धान बेचा था, जिसका पैसा अभी तक उसे नहीं मिला था। होली के दिन कुमार जित्तू के घर अपने धान की राशि मांगने गया हुआ था, तब जित्तू व अन्य लोगों से उसकी झड़प हुई थी। बाद में जित्तू ने अपने घरवालों के साथ आकर नवागढ़ थाने में कुमार के खिलाफ शिकायत की। शिकायत पर पुलिसकर्मियों ने कुमार साहू को दो-तीन बार नवागढ़ थाना बुलवाया था। परिजनों का आरोप है कि नवागढ़ थाने में पदस्थ आरक्षक ने एकपक्षीय व्यवहार करते हुए कुमार साहू को धमकाया और रिश्वत की मांग की थी। जिससे वह काफी परेशान था। माहौल बिगड़ता देख पुलिस प्रशासन ने आरक्षक प्रकाश राजपूत को तत्काल प्रभाव से बेमेतरा लाइनअटैच कर दिया गया था और पूरे प्रकरण की जिला स्तरीय कमेटी द्वारा जांच की बात कही थी लेकिन अभी तक कोई जांच प्रक्रिया का अता पता नहीं चल पाया है। वहीं, इस मामले में बेमेतरा एसडीओपी मनोज तिर्की ने कहा कि जांच प्रकिया में है, जल्द ही स्थिति स्पष्ट हो जाएगी, पुलिस निष्पक्ष है। दोषी पर कार्रवाई होगी।



By Train-रिजर्वेशन कोच
16 मई से 23 मई, 23 मई से 30 मई, 06 जून से 13 जून
25 जुलाई से 1 अगस्त 2025 (सावन में ) (8 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप, काठमांडू दरबार), पशुपतिनाथ, जनकपुर (सीता मैया का जन्म स्थान), सीतामढ़ी, बनारस (काशी विश्वनाथ मंदिर)
राशि:-स्लीपर 9,500/-, 3 एसी 16,500/-, 2 एसी 22,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411